Title: Need to take action to stop polluting the Damodar River by Chandrapura Thermal Power Station.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन में व्याप्त अनियमितताओं और दामोदर नदी में व्याप्त प्रदूषण के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूं। वहां थर्मल पावर स्टेशन का ऐश दामोदर नदी में फेंका जा रहा है जिसके कारण नदी में बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैल रहा है। दो साल से उसका ऐश पॉण्ड भरा हुआ है और अभी तक उसकी निकासी नहीं हुई है। मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि अपने स्तर से इसकी उचित जांच कराएं और वहां जो भाई-भतीजावाद फैला हुआ है, नियमों के विरुद्ध काम हो रहा है और अराजकता फैली हुई है। वहां के अधिकारी और विजिलेन्स डिपार्टमेंट अप्रभावी है और खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है।

... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : पाण्डे जी, आप क्या पढ़ रहे हैं?

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन में ऐश पॉण्ड के संबंध में।

उपाध्यक्ष महोदय : यह ज़ीरो आवर है। इसमें पढ़ नहीं सकते हैं। आपको सरकार से क्या कहना है वह बोलिये।

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय : मेरा सरकार से आग्रह है कि चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन से दामोदर नदी में प्रदूषण को रोकने के लिए जांच कराई जाए और वहां जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, उसके खिलाफ अविलंब कार्रवाई हो।